nandgaon times feb-24-01.qxd 2/23/2025 10:28 PM Page 1

बिलासपुर, जशपुर, स्पोर्ट्स ... पृष्ठ 2 | सुबह सफाई दौरा, सड़क किनारे... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

सोमवार, 24 फरवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 131, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

*उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।*

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


## पीएम मोदी ने बागेश्वर धाम पहुंचकर किया कैंसर अस्पताल का भूमि पूजन

### बागेश्वर बालाजी के मंदिर पहुंचकर दर्शन किए, सनातन एकता का प्रचार करने के लिए बागेश्वर धाम के पीठ अधिश्वर धीरेंद्र कृष्ण को भी धन्यवाद दिया



**छतरपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** संतों की तपोस्थली बागेश्वर धाम से न केवल दुआ मिल रही है बल्कि अब दवा की भी व्यवस्था की जा रही है। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के उस संकल्प की आधारशिला रखी गई जिसमें उन्होंने गरीबों के इलाज के लिए कैंसर अस्पताल बनाने का सपना देखा था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बागेश्वर धाम मेडिकल साईस एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट की वर्चुअली आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि बागेश्वर धाम अब सिर्फ आस्था का केन्द्र ही नहीं बल्कि आरोग्य का केन्द्र भी बनकर सामने आएगा। इस अवसर पर बागेश्वर महाराज के गुरू तुलसी पीठाधीश्वर जगतगुरू श्री रामभद्राचार्य महाराज, साध्वी दीदी मां ऋृंभरा, स्वामी चिदानंद महाराज ऋृषिकेश एवं शहीदों के लिए यज्ञ करने वाले बालक योगेश्वरदास महाराज के अलावा मुख्यमंत्री मोहन यादव, राज्यपाल मंगुभाई पटेल, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद वीडी शर्मा मंचासीन रहे।

वायुसेना के हैलीकॉप्टर से बागेश्वर धाम पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बालाजी की पूजा अर्चना की। बालाजी के दर्शन और पूजा करने के बाद वे मंच पर आए जहां उन्होंने अपने उद्बोधन से यहां मौजूद लाखों लोगों को प्रेरित किया। श्री मोदी ने अपनी बात बुन्देली से शुरू करते हुए सबको राम-राम किया और फिर चिर-परिचित अंदाज में बातें की। उन्होंने कहा कि बागेश्वर धाम आस्था का केन्द्र के साथ-साथ आरोग्य का केन्द्र बनने जा रहा है। उन्होंने इस पुनीत कार्य की शुरूआत के लिए बागेश्वर महाराज का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल हमेशा एकता के मंत्र को लेकर कार्य करते हैं। हमारे मठ मंदिर पूजन और साधना के साथ-साथ विज्ञान और सामाजिक चेतना के केन्द्र रहे हैं। बागेश्वर धाम से भजन, भोजन और निरोगी जीवन का आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंने केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि यहां बैठे लोग उन लोगों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाएं जो इससे अनभिज्ञ हैं और लाभ नहीं ले पा रहे। क्योंकि सूचना देना भी सामाजिक कार्य होता है।

**संत, संस्कृति और सिद्धांतों पर हो रहे हमले**

श्री मोदी ने उन नेताओं को आड़े हाथों लिया जो धर्म का मजाक बनाते हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी ताकतें हमेशा हिन्दू धर्म की आस्था को कमजोर करने का प्रयास सदियों से करती चली आई हैं। संत, संस्कृति और सिद्धांतों पर हमला हो रहे हैं। हमारे पर्व, परंपराओं और प्रथाओं को गाली दी जाती है। हमें बांटने की कोशिश करने वालों से सचेत रहना है। देश के भीतर जो देश विरोधी ताकतें हैं वे प्रगति के लिए नहीं बल्कि कीचड़ उछालने की कोशिश में लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि हमने अपने शरीर को ही साधना का केन्द्र बनाया है। सेवा का अवसर मिलने पर देश के दीनहीन लोगों की सेवा कर सबको आरोग्य बनाने में लगे हैं।

**प्रधानमंत्री ने महाराजश्री की माता जी की निकाली पर्ची**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बागेश्वर महाराजश्री की माताजी से भेंट करने की इच्छा जताई। भेंट के दौरान उन्होंने माताजी को शाल देकर सम्मान किया। मंच से मोदी जी ने कहा कि बालाजी ने उन्हें बुलाया है और उन्होंने बागेश्वर महाराज की माताजी की पर्ची खोली है। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि माताजी महाराज जी के विवाह की चिंता कर रही थीं यही उन्होंने पर्ची निकाली है। श्री मोदी ने कहा कि नर में नारायण और जीव में शिव भाव ही हमारी परंपरा है। उन्होंने महाकुंभ का जिक्र करते हुए कहा कि एकता के महाकुंभ में न केवल करोड़ों लोगों ने जाति-धर्म से ऊपर उठकर स्नान किया बल्कि समरसता का भाव प्रकट किया। उन्होंने



कहा कि महाकुंभ में कई प्रकल्प भी साथ-साथ चलते रहे। खासतौर से नेत्र महाकुंभ में दो माह में दो लाख से ज्यादा लोगों की आंखों की जांच हुई और 16 हजार लोगों के ऑपरेशन हुए हैं। साधु संतों के मार्गदर्शन में लोग समर्पित भाव से काम कर रहे हैं। उन्होंने बेटियों को सुंदर एवं सुखी जीवन की अग्रिम बधाई दी।

**साधना से सम्पन्न धरती अब साधन से सम्पन्न होगी: बागेश्वर महाराज**

बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को बालाजी का विग्रह, सनातन क्या है यह पुस्तक और स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत और सम्मान किया। उन्होंने मंच से स्वागत उद्बोधन के दौरान कहा कि बुन्देलखण्ड वीरों की भूमि, हीरों की भूमि और संतों की भूमि है। आज का पल अनूठा, अद्भुत और अकल्पनीय के साथ-साथ अविष्मणीय है। एक छोटे से गांव में सामान्य आग्रह करने पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आए हैं। पूरा बुन्देलखण्ड उनका स्वागत करता है। महाराजश्री ने कहा कि कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखने का आमंत्रण स्वीकार करने से मोदी जी की उदारता दिखाई दे रही है। मोदी जी गाय, गंगा और गरीब की बात करने वाले हैं। महाराजश्री ने मोदी जी को विश्वमित्र की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि मोदी जी के आने से बुन्देलखण्ड की दिशा और दशा बदलने वाली है।

**मोदी जी की मां के नाम बनेगा अस्पताल में एक वार्ड**

बागेश्वर महाराज ने कहा कि मोदी जी बागेश्वर धाम आए और उन्होंने उनकी माताजी से भेंट किया। यह अत्यंत भावुक करने वाला पल है। माताजी भी मोदी जी से मिलने के लिए उत्सुक थीं। महाराजश्री ने कहा कि कैंसर अस्पताल में मोदी जी की माताजी के नाम से एक वार्ड बनाया जाएगा। उन्होंने बालाजी से प्रार्थना की कि उनकी कृपा मोदी जी पर बनी रहे ताकि वे इसी तरह जनकल्याण के कार्य करते रहें।

**यह समय प्रदेश के लिए स्वर्णकाल है: डॉ. मोहन यादव**

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बागेश्वर धाम के कार्यक्रम के



दौरान अपने उद्बोधन में कहा कि यह धाम जगमगा रहा है। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड आन-बान-शान के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाला क्षेत्र है। इस समय समूचा प्रदेश स्वर्णकाल में चल रहा है। उन्होंने कहा कि आस्था के साथ-साथ जीवन का भी संकल्प सबको आनंद की अनुभूति करा रहा है। उन्होंने केन-बेतवा योजना से बुन्देलखण्ड की दशा बदलने की बात कहते हुए कहा कि बागेश्वर महाराज ने जो संकल्प लिया है वे इसके साथ हैं।

**100 सीसीटीव्ही कैमरे, ढाई हजार पुलिसकर्मी कर रहे सुरक्षा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आने के दौरान व्यापक सुरक्षा व्यवस्था रखी गई जहां विशेष सुरक्षा ग्रुप समूचे आयोजन की निगरानी कर रहा था। वहीं करीब एक सैकड़ा सीसीटीव्ही कैमरे लगाए गए। ढाई हजार पुलिसकर्मियों को सुरक्षा में तैनात किया गया। किसी भी इमरजेंसी से निपटने के लिए पुलिस बल तैयार रहा।

**ढाई लाख लोगों के भोजन की व्यवस्था, राजस्थान से आए रसगुल्ले**

बागेश्वर धाम में वृहद भण्डारे की व्यवस्था की गई है। भण्डारे की व्यवस्था देख रहे धाम के सदस्य कपिल साहू ने बताया कि दो लाख लोगों के लिए भोजन तैयार किया गया है और 50 हजार लोगों को भोजन उपलब्ध कराने की सामग्री तैयार रखी है। महाराजश्री ने इस बार लोगों का मुंह मीठा कराने के लिए भण्डारे में न केवल खीर प्रसाद की व्यवस्था की बल्कि राजस्थान से सैकड़ों टीन छैना के रसगुल्ले मंगवाए हैं।

## रमन सिंह ने विपक्ष को दी नसीहत, कहा - बाहर सक्रिय रहने से बेहतर है सदन के अंदर रहे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू होने जा रहा है। इसी बीच विधानसभा अध्यक्ष अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने विपक्ष से आग्रह करते हुए कहा कि, सदन की कार्यवाही का अधिक से अधिक उपयोग करें। विधानसभा के बाहर जितना सक्रिय रहे उससे ज़्यादा भीतर सक्रिय रहे तो बेहतर होगा। बजट सत्र राज्यपाल के अभिभाषण से शुरुआत होगी। वहीं 21 मार्च तक चलने वाले सत्र में 17 बैठकें होगी। इसके बाद 3 मार्च को वित्त मंत्री ओपी चौधरी बजट पेश करेंगे। बजट सत्र को लेकर 2 हजार 367 सवाल लगाए गए हैं। सोमवार को राज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदस्य निर्माणाधीन विस भवन का अवलोकन करेंगे। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि, नए विधानसभा का साल के अंत



**विधानसभा बजट सत्र आज से**

उद्घाटन हो सकता है। बजट के बाद नए विधायकों का ढ्ढढ्ढरू में प्रशिक्षण होगा। ढ्ढढ्ढरू के प्रशिक्षण के बाद विदेश में प्रशिक्षण पर ले जाने पर विचार हो रहा है। वहीं सोमवार को सीएम विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष नए विधानसभा का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान मंत्री और विधायक भी साथ मौजूद रहेंगे। डॉ रमन सिंह ने कहा कि, मोदी की गारंटी का तेज़ी से क्रियान्वयन हो रहा है। साथ ही उन्होंने नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की बंपर जीत पर कहा कि, आज भारत पाकिस्तान का मैच है उसी अंदाज में जवाब दूँ तो भाजपा ने हैट्रिक लगाया है। ऐतिहासिक रिज़ल्ट रहा है, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मोदी की गारंटी पूरी करने की दिशा में बेहतर काम किए हैं।

## आतिशी चुनी गईं दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष



**नई दिल्ली।** दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी को आज यहां आम आदमी पार्टी के विधायकों की बैठक में दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चुना गया है। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने यह जानकारी दी। आपज प्रमुख अरविंद केजरीवाल और पार्टी के 22 विधायक, जिनमें कालकाजी से विधायक आतिशी भी शामिल हैं, शामिल हुए। दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र 24 फरवरी से शुरू होगा जो कि तीन दिन तक चलेगा। भाजपा ने पांच फरवरी को हुए विधानसभा चुनाव में 70 में से 48 सीट जीतकर आप को दिल्ली की सत्ता से बाहर कर दिया।

## श्री शिव महापुराण कथा के पंचम दिवस पर पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री का संदेश



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** झरन मंदिर दिल्ली राजहरा में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के पंचम दिवस पर पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने कहा, भगवान को पाना हो तो सरल बनना पड़ेगा।

उन्होंने आगे कहा, मीरा और सदन कसाई की कहानी देखें, वे सरल थे और भगवान को प्राप्त किया। कलयुग में भगवान का नाम ही मुक्ति और भक्ति का साधन है।

पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने नाम के 10 अपराधों की भी कथा सुनाई और कहा, नाम जपने वालों को इन अपराधों से बचना चाहिए। (1)भगवान के नाम का प्रचार करने वाले महापुरुषों की निंदा करना (2)शिव, ब्रह्मा जैसे देवी-देवताओं के नामों को भगवान के नाम के बराबर या उनसे अलग समझना (3)गुरु की अवहेलना करना (4)वैदिक साहित्य या वैदिक संस्करण पर आधारित साहित्य की निंदा करना (5)हरे कृष्ण के कीर्तन की महिमा को काल्पनिक समझना (6)भगवान के पवित्र नाम में अर्थवा का आरोप करना (7)भगवान के नाम के जाप के बल पर पाप कर्म करना (8)वेदों में वर्णित शुभ अनुष्ठानों में से एक हरे कृष्ण के कीर्तन को कर्मकांड मानना (9)अविश्वासी व्यक्ति को पवित्र नाम की महिमा के विषय में शिक्षा देना (10)पवित्र नामों के जप पर पूर्ण विश्वास न रखना इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे और उन्होंने पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री के संदेश को ध्यान से सुना।

## स्वदेशी मेला केवल बाजार नहीं हमारी आत्मनिर्भरता का प्रस्तुतीकरण है : उपमुख्यमंत्री अरुण साव

### रविवार को स्वदेशी मेला के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए डिप्टी सीएम, अपने और परिवार के लिए खरीदा स्वदेशी सामान



**राजनांदगांव ( नादगबांव टाइम्स )।** 16 से 23 फरवरी तक स्टेट हाई स्कूल में आयोजित स्वदेशी मेला का रविवार को समापन किया गया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने की। विशेष रूप से समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत, विनोद डड्ढा और सौरभ कोठारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के साथ स्वागत समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी, स्वागत समिति सचिव मूलचंद भंसाली, स्वदेशी जागरण मंच जिला संयोजक राजकुमार शर्मा, स्वदेशी मेला संयोजक भागचंद गिड़िया, सहसंयोजक मनोज निर्वाणी, सहसंयोजक मोना गोसाई, भारतीय विपणन विकास केंद्र प्रबंधक सुब्रत चाकी, कार्यक्रम संयोजक शरद श्रीवास्तव, महिला प्रमुख डॉ. साधना तिवारी और सह महिला प्रमुख सुधा पवार सहित अन्य पदाधिकारी मंच पर उपस्थित रहे। स्वागत सत्कार के बाद अपने उद्बोधन में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी मेला केवल बाजार नहीं है यह हमारे आर्थिक आत्मनिर्भरता का प्रस्तुतीकरण है। मैं लगातार तीसरी चौथी बार इस आयोजन में अतिथि के तौर पर आ रहा हूं। सिर्फ यही कारण नहीं है मैं यहां आता हूं क्योंकि मुझे स्वदेशी वस्तुओं से लगाव है अपने लोगों के आर्थिक उन्नति से लगाव है। प्राचीन काल से ही हमारा देश देने वाला रहा है कभी किसी के सामने हाथ फैलाना हमें मंजूर नहीं था। इतिहास इसका साक्षी है। इसके बाद आए गुलामी के दौरान हमें दूसरों पर निर्भर रहकर चलना सिखा दिया और हमारा स्वाभिमान दूर होता चला गया। उन्होंने कहा कि दूसरों पर आश्रित रहने वाला व्यक्ति कभी स्वाभिमान से खड़ा नहीं हो सकता। हमारा मूल तत्व स्वदेशी है स्वदेशी का संबंध वस्तुओं से नहीं अपितु स्वाभिमान से है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल के दौरान पोखरण परमाणु विस्फोट केवल परमाणु विस्फोट नहीं बल्कि भारत के स्वाभिमान का विस्फोट था। उस दौरान हमने विदेशी ताकतों को बताया कि हम आत्मनिर्भर हो रहे हैं। इसी तरह कोरोना काल के दौरान जब पूरे विश्व में त्राहिमाम मचा हुआ था तब भारत में ही वैक्सीन का आविष्कार किया और इस वैक्सीन से न सिर्फ अपने देशवासियों की जान बचाई बल्कि पड़ोसी देश को भी वैक्सीन सप्लाई कर आत्मनिर्भर होने का इतिहास रचा। स्वदेशी मेला में 18 राज्यों से व्यापारी आए हैं उनके स्टालों में जाकर स्वदेशी क्या है इसे जानने की जरूरत है। स्वदेशी अपनाकर हमारा देश तेजी से आगे बढ़ रहा है आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है आने वाले समय में हम और अधिक मजबूत हो जाएंगे। अंत में श्री साव आयोजन समिति के पदाधिकारियों को बेहतरीन आयोजन के लिए साधुवाद दिया। इससे पूर्व समापन समारोह का स्वागत उद्बोधन वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने दिया। सुब्रत चाकी ने मेला आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी और अंत में वरिष्ठ नेता श्री पारख ने सबका आभार व्यक्त किया। मंच संचालन विजय मानिकपुरी ने किया।

**स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ: अशोक शर्मा**

स्वदेशी मेला परिसर में शनिवार देर शाम आयोजित सम्मान समारोह में अतिथियों का सम्मान किया गया। इस दौरान अतिथि के रूप में वरिष्ठ नेता अशोक शर्मा, ललित भंसाली, उद्योगपति राजेश जैन और विशेष रूप से विनोद डड्ढा एवं कोमल सिंह राजपूत उपस्थित रहे। स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ नारे के साथ अशोक शर्मा ने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने आगे कहा कि राजनांदगांव में स्वदेशी मेला जैसा और कोई दूसरा मेला नहीं लगता। स्वदेशी की लड़ाई काफी पुरानी है। लोगों को समझना होगा कि स्वदेश हित ही देश हित है। इसी तरह श्री भंसाली ने स्वदेशी मेला जैसे वृहद आयोजन के लिए आयोजन समिति की सराहना की और उन्हें बधाई और



धन्यवाद दिया। उद्योगपति राजेश जैन ने कहा कि उद्योग के क्षेत्र में देश का युवा छोटी-छोटी योजनाओं को लेकर आगे बढ़ रहा है। और यह अच्छी बात है। वास्तव में यह देश को मजबूत बनाने के लिए बड़ा कदम है। सरकार नौकरियां सबको नहीं दे सकती, इसीलिए स्वदेशी मेला जैसे आयोजन की महत्ता और बढ़ जाती है क्योंकि उद्योग के माध्यम से स्वरोजगार पैदा करना ही स्वदेशी मेला का उद्देश्य है।

**बसंत सुंदरी प्रतियोगिता में प्राची गुप्ता ने मारी बाजी**

शनिवार दोपहर से लेकर शाम तक स्वदेशी मेला स्थल पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्वदेशी मेला की सहसंयोजक श्रीमती मोना गोसाई में बताया कि बसंत सुंदरी प्रतियोगिता में प्राची गुप्ता ने प्रथम और प्रिया बोस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आयुष देवांगन, द्वितीय स्थान अंशिका वाडेकर एवं तृतीय स्थान उत्कर्ष देवांगन एवं गुलशन साहू ने प्राप्त किया। रंग भरो स्पर्धा में सृष्टि ठाकुर प्रथम, दीक्षा यादव ने द्वितीय और दिव्यांशी हाजरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

nandgaon times feb-24-01.qxd 2/23/2025 10:28 PM Page 2



# बिलासपुर, जशपुर , स्पोटर्स अकादमी रायपुर और मेजबान राजनांदगांव ने जीत दर्ज की

## रायपुर की नदिता ने दागे लगातार 4 गोल, अस्मिता हॉकी सब जूनियर राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता







**राजनादगांव** (नांदगांव टाइम्स)। स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया, हॉकी इंडिया व छत्तीसगढ हॉकी के तत्वधान में आयोजित की जा रही अस्मिता हॉकी सब जूनियर राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन चार मैच खेले गए जिसमें आज का पहला मैच हॉकी कबीरधाम विरूद्ध हॉकी बिलासपुर के मध्य खेला गया जिसमें हॉकी बिलासपुर ने 5-2 गोल से पराजित करते हुए आसान जीत हासिल की हॉकी बिलासपुर ने सुरूवाती समय से आपना दबाव बनाये रखा था मैच के 2रें हि मिनट में लिव्या कन्हैया ने गोल कर 1-0 गोल की बढत बनाई हुई थी मैच 3रे मिनट में रिया खलखो ने मैच के 7वें मिनट में लिव्या कन्हैया ने 8वें मिनट में सनम ध्रुर्वे ने और मैच के 48वें मिनट में सरस्वती सोनवानी गोल किया आज का दुसरा मैच बालोद विरूद्ध जशपुर के मध्य खेला गया जिसमें हॉकी जशपुर ने एकतरफा मुकाबले में हॉकी बालोद को 29-0 गोल से पराजित किया हॉकी जशपुर की ओर से प्रिसी कूजूर ने 7 गोल, सीमरन यादव ने 5 गोल अनन्या गुप्ता और प्रग्या साहू ने 4-4 गोल तुकी निषाद, जशिका केरकेटटा ने 3-3 गोल तथा प्रिया बाई, रिया लकरा, अंजली बाई, ने 1-1 गोल किया आज का तीसरा मैच स्पोटर्स अकादमी रायपुर विरूद्ध हॉकी जांजगीरचांपा के मध्य खेला गया इस मैच स्पोटर्स अकादमी रायपुर ने जांजगीरचांपा को 5-0 गोल से पराजित किया स्पोटर्स अकादमी रायपुर की ओर से मैच के 10वें मिनट में रश्मि निषाद ने गोल किया तथा मैच के 16वें मिनट,30वे मिनट,47वें मिनट,और 55वें मिनट नदिता शर्मा ने लगातार 4 गोल किए। आज खेले अंतिम मैच में मेजबान राजनांदगांव ने हॉकी जगदलपुर को 3-1 गोल से पराजित किया हॉकी राजनांदगांव ने मैच के राशि गोण्ड ने गोल कर 1-0 गोल की बढत बनाई थी जिसे जगदलपुर के प्रतिमा मंडावी ने मैच के 25वें मिनट में गोल कर 1-1 गोल की बराबरी पर ला दिया वही मैच के 31वें मिनट और 37वें मिनट में दुबी रावत और नैना सोनकर ने गोल कर मैच को 3-1 गोल से जीत लिया। मैच के पूर्व उपस्थित आतिथियों ने मैदान के मध्य जा कर खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया आज के मैच में प्रमुख रूप से फिरोज अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ हॉकी,सुश्री ऑशा थॉमस, रणविजय प्रताप सिंह, नीलमचंद जैन, भुषण सॉव,अनुराज श्रीवास्तव, मृणाल चौबे, तीरथ गौस्वामी, गुणवंत पटेल, सचिन खोब्रगढे, शकिल अहमद,शब्बीर सोलंकी (सब्बू),यूनुष खान,खुशाल यादव, अब्दुल कादिर, अमिताभ मानिकपुरी, अभिनव मिश्रा, राजेश निर्मलकर, खेमराज सिन्हा, कृष्णा यादव, रूपेश जायसवाल सहित खेल प्रेमी जनता उपस्थित थे।

**आज के मैच**

पहला मैच सुबह 8 बजे स्पोटर्स अकादमी रायपुर विरूद्ध हॉकी कबीरधाम के मध्य खेला जायेगा।दुसरा मैच सुबह 09:30 बजे हॉकी बालोद विरूद्ध हॉकी जगदलपुर के मध्य खेला जायेगा। तीसरा मैच दोपहर 2:00 बजे हॉकी बिलासपुर विरूद्ध हॉकी जांजगीर चांपा के मध्य खेला जायेगा। चौथा मैच संध्या 4:00 बजे हॉकी राजनांदगांव विरूद्ध हॉकी जशपुर के मध्य खेला जायेगा।

## बख्शी स्कूल में पार्षदों का किया गया सम्मान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्थानीय पदुमलाल पुन्ना लाल बख्शी हायर सेकंडरी स्कूल में जनभागीदारी एवं शाला प्रबंधन समिति द्वारा पार्षदों का सम्मान किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला भाजपा महामंत्री श्री राजेन्द्र गोलछा एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन ने किया विशेष अतिथि के रुप में शाला प्राचार्य श्रीमती सुनीता खरे तथा जनभागीदारी समिति के सदस्य राजेश यादव उपस्थित थे । इस अवसर पर नवनिर्वाचित पार्षद वार्ड नं 42 श्रीमती अमृता मोहन सिन्हा वार्ड नं 43 खेमिन राजेश यादव वार्ड नं 46 हेमंत शेखर यादव का शाला परिवार की ओर से श्री फ़ूल गुलदस्ता एवं प्रतिक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।



## जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11, 12 व 13 के सारिणीकरण एवं परिणाम की घोषणा की गई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रिटर्निंग ऑफिसर एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा आज त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष राजनांदगांव में जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11, 12 एवं 13 का सारिणीकरण एवं परिणाम की घोषणा की गई। उन्होंने निर्वाचित होने वाले जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11-बम्हनी चारभाठा से श्रीमती बिरम रामकुमार मंडावी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 - गैंदाटोला से श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव एवं निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-13 कुर्मदा से श्री गोपाल सिंह भुआर्य को प्रमाण-पत्र प्रदाय किया। जिला पंचायत सदस्य निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 5, 6, 7, 8, 9 व 10 के लिए 23 फरवरी 2025 को हुए मतदान का सारिणीकरण 25 फरवरी 2025 को किया जाएगा। इस दौरान अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## सप्ताह के सितारे (24 फरवरी 2025)

### दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 1- 5- 9 - 0 | 19-91-10-01-90-09 |
| मंगल | 2- 4 - 7 - 9 | 27-72-29-92-79-97 |
| बुध | 1 - 6 - 7 - 8 | 16-61-17-71-67-76 |
| गुरू | 3- 6 - 9 - 0 | 69-96-60-06-26-62 |
| शुक्र | 1 - 2 - 7 - 0 | 12-21-20-02-70-07 |
| शनि | 2 - 3 - 5- 8 | 23-32-36-63-39-93 |

**अंकों का बादशाह -2 सप्ताह में अचूक 3 - 4 - 5 - 8**

**सप्ताह का वरदान -6 स्पेशल - 51- 40 -37 -89**

**सप्ताह में देखे**

| | |
|---|---|
| (1) 13 - 14 - 15 - 18 | (6) 63 - 64 - 65- 68 |
| (2) 23 - 24 - 25 - 28 | (7) 73 - 74 - 75 - 78 |
| (3) 33 - 34 - 35 - 38 | (8) 83 - 84 - 85 - 88 |
| (4) 43 - 44 - 45 - 48 | (9) 93 - 94 - 95 - 98 |
| (5) 53 - 54 - 55 - 58 | (10) 03 - 04 - 05 - 08 |

**बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड**

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 47-83-45-80-33-18 | 23-11-16-98-34 |
| 96-25-78-59-30-94 | 47-17-15-19-57 |
| 08-55-04-14-55-51 | 55-79-15-43-08 |
| 71-27-21-23-95-29 | 51-93-15-27-64 |
| 21-19-33-17-76-84 | 76-65-74-87-45 |

**चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।**

संपादक

# तृतीय चरण में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव में हुआ मतदान

## कलेक्टर एवं एसपी ने मतदान केन्द्रों का लिया जायजा, दोपहर 1 बजे तक जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में 64.65 प्रतिशत एवं जनपद पंचायत डोंगरगांव में 69.41 प्रतिशत मतदान







**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत तृतीय चरण में आज जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत 4 जिला पंचायत सदस्य, 25 जनपद पंचायत सदस्य, 100 सरपंच एवं 1400 पंच पदों के लिए 100 पंचायत के 263 मतदान केन्द्रों तथा जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत 2 जिला पंचायत सदस्य, 20 जनपद पंचायत सदस्य, 76 सरपंच एवं 1057 पंच पदों के लिए 76 पंचायत में 209 मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। मतदान केन्द्रों में सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। साथ ही मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की सुविधा के लिए छांव, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था थी। मतदाता सुबह से ही अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केन्द्रों में पहुंचने लगे थे। मतदान केन्द्रों में मतदाताओं ने कतार में रहकर बारी-बारी से मतदान किया। ग्रामीण मतदाताओं में अपने मताधिकार के प्रति जागरूकता एवं उत्साह देखने को मिला। युवा, महिला, बुजुर्ग, दिव्यांग अन्य सभी मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस पत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने आज जनपद पंचायत डोंगरगांव क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम खुज्जी, किरगी, नांदिया, करमतरा, दिवानझिटिया, तुमड़ीबोड़ के मतदान केन्द्रों में पहुंचकर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने मतदान केन्द्रों के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों से मतदान प्रतिशत के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने निर्वाचन की प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मतदान केन्द्र में पेयजल एवं छांव सहित अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतदाताओं से बातचीत कर मतदान के लिए प्रेरित किया और अन्य ग्रामीणों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने कहा। जिला निर्वाचन कार्यालय से दोपहर 1 बजे तक प्राप्त जानकारी अनुसार आज त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तृतीय चरण में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत मतदान का प्रतिशत 64.65 रहा है। जिसमें 60.75 प्रतिशत पुरूष एवं 68.63 प्रतिशत महिला मतदाताओं तथा जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत मतदान का प्रतिशत 69.41 रहा है। जिसमें 65.04 प्रतिशत पुरूष एवं 73.78 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

# डॉ रमन सिंह के शासन काल की योजनाए रंग लाई - बिरेन्द्र सोनी

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता बिरेन्द्र सोनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अनेक महत्वकांक्षी योजना जैसे - प्रधान मंत्री आवास योजना, गरीब कल्याण योजना, ऐसी कई योजनाएँ देश की जनता को ध्यान में रखकर योजना तैयार किया गया है। छग प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का महतारी वंदन योजना, माताओं बहनो के लिऐ वरदान से कम नहीं, उनके द्वारा चलाई जा रही अनेक योजनाओं का लाभ प्रदेश की जनता को मिल रहा है। प्रदेश के किसान माता बहने सभी खुश है, जिसका असर नगर निगम,



नगरीय निकाय, त्रिस्त्रीय पंचायत चुनाव में देखने को मिल रहा है। छग़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. विकास पुरूष डॉ. रमन सिहं के कार्यकाल में उनके जनहित में चलाई गई योजनाऐं जैसे - एक रूपये किलो चांवल, 108 संजीवनी एक्सप्रेस, महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना-स्मार्ट कार्ड में मुफ्त ईलाज, गर्भवती माताओ को पौष्टिक आहार और किसानो को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान करने ऐसे जनहित में योजनाए माता बहनो एवं किसानो को लाभ मिला, जिसका परिणाम नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत चुनाव में भाजपा को मिल रहा हैं। भाजपा के जमीनी कार्यकर्ताओं की मेहनत भी रंग लाई है। श्री सोनी ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आम नागरिकों, किसान एवं महिलाओं के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा शासन की इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने वाले भाजपा के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है।

# किरण रविन्द्र वैष्णव जिला पंचायत सीईओ ने सौंपा प्रमाण पत्र

## क्षेत्र क्रमांक 12 से जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए किरण रविन्द्र वैष्णव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी किरण रविन्द्र वैष्णव जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुई है। जिला पंचायत राजनांदगांव कार्यालय में जिला पंचायत सीईओ द्वारा किरण वैष्णव को प्रमाण पत्र सौंपा गया व उन्हें बधाई दी। श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि यह जीत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 के सभी मतदाताओं व मेरे भाजपा के कार्यकर्ताओं की जीत है।मैं आप सभी को सादर प्रणाम करती हूं।जिन्होंने मुझे अपना बहुमूल्य वोट देकर प्रचंड बहुमत से विजयी बनाया हैं आप सभी ने दिन-रात मुझसे भी ज़्यादा मेरे लिए मेहनत कर मुझे विजयी बनाया ।आपका आशीर्वाद और स्नेह सदैव ऐसे ही बना रहे, मैं निश्चित रूप से आप सभी के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास निरंतर कार्य करूंगी। मोदी जी की गारंटी और विष्णु के सुशासन के साथ गैंदाटोला क्षेत्र में भी सुशासन का सूर्योदय हो गया है। मैं क्षेत्रवासियो की सेवा के लिए सदैव उपस्थित रहुंगी।आपने जिस आशा और विश्वास के साथ मुझे आशीर्वाद प्रदान किया है मैं आप साथ आपके सहयोग व आशीर्वाद से क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करूंगी। साथ भारतीय जनता पार्टी के सभी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करती हूं मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को भारतीय जनता पार्टी ने जिला पंचायत सदस्य के लिए अधिकृत प्रत्याशी बनाया मैं सभी वरिष्ठ नेतागण को प्रमाण करती हूं।



## सरपंच पद पर टेड़ेसरा पंचायत मे खिलेश्वर साहू कि शानदार जीत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत टेड़ेसरा से सरपंच पद पर हुए चुनाव में डॉक्टर खिलेश्वर साहू ने शानदार जीत दर्ज कि है। ग्राम पंचायत टेड़ेसरा में सरपंच पद के लिए सात उम्मीदवार मैदान में थे। जिसमें डॉक्टर खिलेश्वर साहू ने 1524 सर्वाधिक मत पाकर विजयी हुए।वे दूसरी बार सरपंच बने।खिलेश्वर साहू के सरपंच पद पर नामांकन भरते ही ग्राम पंचायत के मतदाता एवं उनके समर्थक उत्साहित थे।बता दें कि खिलेश्वर साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष भी है ।सरपंच निर्वाचित होने पर डॉक्टर खिलेश्वर साहू ने टेड़ेसरा के मतदाताओं के प्रति आभार प्रगट करते हुए कहा कि टेड़ेसरा के जनता ने जो मुझे स्नेह और विश्वास दिया है उस पर मैं खरा उतरने का प्रयास करूंगा। गांव के हित में पुरी निष्ठा और समर्पण के साथ खड़ा रहूंगा। यह जीत ग्राम पंचायत टेड़ेसरा के मतदाताओं कि जीत है मेरे सभी कार्यकर्ताओं की जीत है, उन्होंने कहा कि पुरी प्रतिबद्धता के साथ ग्राम पंचायत टेड़ेसरा के सर्वांगिण विकास मेरी प्राथमिकता रहेगी, ग्राम पंचायत टेड़ेसरा में विकास की एक नई गाथा लिखेंगे। बड़ी संख्या में उनके समर्थक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में, मिजोरम के पहले स्काईवॉक का उद्घाटन कहाँ किया गया है?*

*2) चालुक्य युग के कन्नड़ शिलालेख कहाँ मिले है?*

*3) हाल ही में किस कंपनी ने भारत की पहली रोड ट्रेन लॉन्च की है?*

*4) प्रति वर्ष विश्व यूनानी दिवस कब मनाया जाता है?*

*5) रेखा गुप्ता सहित दिल्ली में अभी तक कितने महिला मुख्यमंत्री बने है?*

RamaQuiz (Pappu Ganesh )



## उत्तर माला

(1) आइजोल (2) तेलंगाना (3) वोल्वो ट्रक्स (4) 11 फरवरी (5) चार

# सुबह सफाई दौरा, सड़क किनारे रखे मलमा हटवाने आयुक्त ने सुपरवाईजर को दिये निर्देश









**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा द्वारा सुबह शहर में साफई निरीक्षण कर लोगों को समझाईस देकर गंदगी पाये जाने पर कार्यवाही भी की जा रही है। इस संबंध में जिलाधीश व प्रशासक श्री संजय अग्रवाल द्वारा भी समीक्षा कर निर्देश दिये गये है। आज के सुबह सफाई निरीक्षण में आयुक्त ने बल्देवबाग, ममता नगर एवं महामाया चौक में साफसफाई देख मलमा रखने व प्लास्टिक, डिस्पोजल उपयोग पर सुपरवाईजर को कार्यवाही करने कहा।

ममता नगर क्षेत्र में साफसफाई देख आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि सफाई ठीक है, लेकिन बेहतर सफाई के लिये और अच्छा कार्य करे। हाजरी रजिस्टर देख निर्धारित समय तक उपस्थित रहकर कार्य करने कहा। उन्होंने रोड के किनारे रखे अवैध मलमा देख कहा कि मलमा रखने तथा नाली में मलमा डालने वालो को नोटिस जारी कर, जुर्माना लगावे। बल्देवबाग क्षेत्र में नाली के किनारे की कटिली झाडिया काटने, कचरा प्रतिदिन उठाने निर्देशित किये। बल्देवबाग एसएलआरएम सेन्टर में साफ सफाई रखने कचरे की प्रापर छटनी करने, गिला कचरा से खाद बनाने में तेजी लाने के निर्देश सेन्टर प्रभारी को दिये। प्रभारी द्वारा सेन्टर में असमाजिक तत्वों के घुसने को रोकने बाउण्ड्री वाल निर्माण, ग्रीन नेट लगाने तथा कन्पोस्ट पीठ की संख्या बढ़ाने की मांग की। जिस पर आयुक्त ने शीघ्र निराकरण करने कहा। बसंतपुर महामाया चौक में साफ सफाई देख डिवाईडर के किनारे कचरा उठाने, रोड के किनारे सफाई करने के निर्देश सुपरवाईजर को दिये। महामाया चौक में गन्ना रस के ठेला वालों को प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नही करनें, कचरा नही फैलाने समझाईस दी गयी, उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के डिस्पोंज ग्लास से बीमारी का खतरा रहता है, इसका उपयोग न करने पूर्व से ही हिदायत दी जा रही है। नंदनी गन्ना रस ठेला तथा शौर्य गन्ना रस ठेला के संचालक से प्लास्टिक डिस्पोजल व स्ट्रा का बहुतायत उपयोग पर 5-5 सौ रूपये जुर्माना लगाया गया।

## शिव में चढ़े हुए बेलपत्र नही होते निर्माल्य

**दल्लीराजहरा ( नांदगांव टाइम्स )।** माँ झरन मैय्या मंदिर में श्री शिव महापुराण की कथा के तीसरे दिन में अभिषेक शास्त्री ने अपने मंच से कहा,अन्यत्र देवता को चढ़ाया हुआ फूल फिर से उन्हें नही चढ़ाया जा सकता पर भगवान भोले नाथ जी को बेलपत्र और पुस्प चढ़ा हो उसको भी धोकर अगर हम चढ़ाते है तो उतना ही फल हमे प्राप्त होता है, बेल पत्र के जड़ के पास जल से कोई अपने मस्तक को सींचता है उसे सभी तीर्थो में स्नान करने का फल प्राप्त होता है और महराज जी ने ये भी कहा की एक बार अगर हम किसी से रिसता तोड़ते है तो फिर वापस जुड़ तो जाता है पर उस रिश्ते में गांठ लग जाता है,जिस प्रकार एक रस्सी को तोड़ने से वह टूट तो जाता है पर वापस अगर उसे जोड़ो तो गांठ लग ही जाता है वह गांठ क्या है,वही मैं नाम रूपी अहंकार गांठ है जो भगवान से मिलने में बाध्य एवं बहुत ही ज्यादा कठिन मार्ग बना देता है जिसे पार करने के लिए हमे शिव का नाम आसरय लेना पड़ेगा नही तो हमारे अंदर कभी भी भगवान के प्रति प्रेम नही हो पाएगा। कल की कथा में सती प्रसंग के बारे मे विस्तार से बताया कि कैसे सती को अपने आप को भस्म करना पड़ा था आज 22 फरवरी को पार्वती जन्म की कथा के साथ साथ शिव पार्वती विवाह की रस्में अदा की जावेगी शिव जी की बारात शाम 4 बजे राजबाड़ा मंच वार्ड नं 18 से निकल कर झरन मंदिर पहुँचेगी आज शिव विवाह में नवनिर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू जी का आगमन होना है।

## तीन हिदवसीय श्री गजानन महाराज प्रसाद विप्र महोत्सव संपन्न

**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** गजानन हुडको मंदिर तीन दिवसीय समाप्त व कार्यक्रम 20 फरवरी से 22 फरवरी तीन दिवसीय कार्यक्रम के



अवसर पर श्री गजानन महाराज पूजा अर्चना अभिषेक मूर्ती पूजा श्रृंगार श्री गजानन महाराज पर बरसात है फुल सुंदर पालखी यात्रा सभी सुंदर कार्यक्रम किया गया थर्टी सेवन श्री सेवन 36 वर्षा चे लगातार नागपूरचे विशेष विशेष प्रसाद बनाने वाले विनोद दुबेजी अपनी टीम के साथ लगातार गजानन भक्तो के लिए जव्हार की रोटी बेसन भाटा बेडन की सब्जी आलू सब्जी रोटी पुलाव सुजी का हलवा विशेष प्रसाद निरंतर अपनी सेवा दे रहे मंदिर समितीच्या द्वाराहून का सन्मान भी किया गया छोटे बालक के रूप में वेद कुमार गाडगे दहीहंडी थोडी गई थोडी गयी एवं प्रात: दस बजे भजन कीर्तन अनुपमा संजय देशकर जी भजन किर्तन का कार्यक्रम किया गया श्री गजानन महाराज जी श्री विठ्ठल भगवान जीके बारे में विस्तृत जानकारी दी गये गण गण गणात बोते श्री गजानन महाराज स्मरण से सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैगजानन महाराज के चित्र में उन्हें चिलम पीते हुए दिखाया जाता है। गजानन महाराज नियमित चिलम पीया करते थे, लेकिन उन्हें चिलम पीने की लत नहीं थी। माना जाता है कि वे अपने बनारस के भक्तों को खुश करने के लिए चिलम पीया करते थे।5. गजानन महाराज चमत्कारी महापुरुष थे। उनके कई चमत्कारों को भक्तों ने प्रत्यक्ष देखा है।

## ये कैसी अदला-बदली : दुर्लभ सफेद भालू के बदले अंबानी के जू से लाएंगे जेब्रा

**रायपुर।** जंगल सफारी में नागालैंड जू से जहां दो नए मेहमान हिमालयन भालू लाए गए हैं, पर अनंत अंबानी के गुजरात जामनगर स्थित जू वंतारा से सफेद भालू के बदले जेब्रा तथा मीरकैट की अदली बदली विवादों में आ गई है।



जंगल सफारी में नागालैंड जू से जहां दो नए मेहमान हिमालयन भालू लाए गए हैं, पर अनंत अंबानी के गुजरात जामनगर स्थित जू वंतारा से सफेद भालू के बदले जेब्रा तथा मीरकैट की अदली बदली विवादों में आ गई है। जंगल सफारी तथा वनतारा प्रबंधन के बीच जो पूर्व में वन्यजीवों की अदला-बदली करने सहमति हुई थी, उसमें सफेद भालू की जगह सामान्य भालू देने सहमति हुई थी। ऐसे में जेब्रा तथा मीरकैट के बदले सफेद भालू दिए जाने को लेकर वन्यजीव प्रेमी सवाल खड़ा कर रहे हैं। गौरतलब कि जंगल सफारी प्रबंधन के साथ वंतारा जू शुरू होने के पूर्व आठ मई 2020 को वन्यजीवों की अदला-बदली करने सहमति हुई थी। वन्यजीवों के जानकारों के मुताबिक, सफेद भालू रहने को सामान्य भालू की तहत ही है, लेकिन जेनेटिक कारणों से सामान्य भालू का रंग काला की जगह सफेद हो गया है। सफेद भालू छत्तीसगढ़ के मरवाही के जंगल में ही पाए जाते हैं। इस वजह से सफेद भालू की गिनती रेयर प्रजाति के वन्यजीव में होती है। मरवाही के जंगल में वर्तमान में 25 के करीब सफेद भालू हैं। वन्यजीवों की अदला बदली को लेकर जंगल सफारी के डायरेक्टर धमशील गणवीर ने पुष्टि की है। अफसर का कहना है कि वंतारा से जेब्रा तथा मीरकैट के बदले एक सफेद भालू दिया जाएगा। अफसर ने वन्यजीवों की अदला बदली प्रोसेस में होने की जानकारी दी है।

## दीनदयाल (दीनू) साहू करमरी के सरपंच बने

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत करमरी से सरपंच पद पर हुए चुनाव में दीनदयाल (दीनू) साहू ने शानदार जीत दर्ज कि है। ग्राम पंचायत करमरी में सरपंच पद के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में थे। जिसमें दीनदयाल (दीनू)साहू 228 मतों से विजयी हुए। विगत 25 वर्षो में पहली बार पुरूष प्रत्याशी विजई हुए हैं।दीनदयाल साहू के सरपंच पद पर नामांकन भरते ही ग्राम पंचायत के मतदाता एवं उनके समर्थक उत्साहित थे।दीनदयाल (दीनू) साहू परिक्षेत्र साहू समाज कलडबरी के अध्यक्ष एवं भाजपा पि.व.मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष है। सरपंच निर्वाचित होने पर दीनदयाल (दीनू) साहू ने करमरी के मतदाताओं के प्रति आभार प्रगट करते हुए कहा कि करमरी के जनता ने जो मुझे स्नेह और विश्वास दिया है उस पर मैं खरा उतरने का प्रयास करूंगा। गांव के हित में पुरी निष्ठा और समर्पण के साथ खड़ा रहूंगा। यह जीत ग्राम पंचायत करमरी के मतदाताओं कि जीत है मेरे सभी कार्यकर्ताओं की जीत है, उन्होंने कहा कि पुरी प्रतिबद्धता के साथ ग्राम पंचायत करमरी के सर्वांगीणीय विकास मेरी प्राथमिकता रहेगी, ग्राम पंचायत करमरी में विकास की एक नई गाथा लिखेंगे। दीनदयाल साहू की जीत पर करमरी में विजय जुलूस निकाली ग्रामीणों ने फूलमालाओं गुलाल से स्वागत किया गया साथ ही मिठाई बाटकर फ्टाखे फोड़े गए दीनदयाल साहू नवनिर्वाचित सरपंच बनने के बाद गांव में सभी मतदाताओं के घर जाकर आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया , जीत के बाद विजय जुलूस में बड़ी संख्या में उनके समर्थक एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



# ग्राम पंचायत बघेरा की ऐश्वर्या हरिश देशमुख सरपंच निर्वाचित हुई

### 653 वोटो से विजयी हुई

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में 17 फरवरी को ग्राम पंचायत बघेरा में पंच,सरपंच,जनपद एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव हुआ। ग्रामीण मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया यहां सरपंच पद के लिए प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमा रहे थे जिसमें ऐश्वर्या हरीश देशमुख ने सर्वाधिक मत प्राप्त कर सरपंच चुनी गई। 1850 मतदाता मे 1697 वोट पढ़े,जिसमे श्रीमती ऐश्वर्या हरिश देशमुख को 1091 वोट पड़े और 653 वोटो से विजयी हुई।उसके बाद गांव में विजय जुलूस निकाला गया महिलाओं ने भी आरती व फूल माला पहनाकर नवनिर्वाचित सरपंच ऐश्वर्या हरिश देशमुख का स्वागत अभिनंदन किया। ऐश्वर्या हरिश देशमुख नवनिर्वाचित सरपंच ने कहा कि मेरे सभी परिवारजनों के वोट रूपी आशीर्वाद के बल पर सरपंच चुनाव में मुझे ऐतिहासिक जीत दिलाकर विजयी बनाने के लिए आप सभी देवतुल्य जनता की अंत:करण से आभार एवं धन्यवाद प्रकट करती हूं।उन्होंने आगे कहा कि मेरे जीवन का क्षण क्षण और शरीर का कण-कण समस्त ग्रामवासियों के कल्याण हेतु समर्पित है हमारे गांव के सर्वांगीण विकास और हर नागरिक के जीवन को खुशहाल बनाने का लक्ष्य लेकर सदैव कार्य करती रहूंगी और आप सब की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहूंगी मुझ पर विश्वास रखने के लिए आप सभी देवतुल्य मतदाताओं का ह्रदय की गहराईयों से आभार एवं धन्यवाद।यह जीत का श्रय गांव के युवा कार्यकर्ता, महिला वर्ग, एवं बुजुर्ग को जाता है।



## धर्म समाचार....

# महाशिवरात्रि 26 फरवरी को : राशि अनुसार करें शिव पूजा, कम हो सकता है कुंडली के ग्रह दोषों का असर

बुधवार, 26 फरवरी को महाशिवरात्रि है। इस दिन शिव जी के साथ देवी पार्वती, गणेश जी और कार्तिकेय स्वामी का विशेष अभिषेक किया जाता है। माना जाता है कि इस पर्व पर की गई शिव पूजा से भक्त के जीवन में सुख-शांति आती है, नकारात्मकता दूर होती है और मनोकामनाएं पूरी होती हैं। जिन लोगों की कुंडली में ग्रहों से संबंधित दोष हैं, उन्हें महाशिवरात्रि पर राशि अनुसार पूजा करनी चाहिए। ऐसा करने से कुंडली के ग्रह दोषों का असर कम हो सकता है। जानिए राशि अनुसार शिव पूजा कैसे कर सकते हैं...

**मेष राशि** - उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, मेष राशि के लोग शिवलिंग पर कच्चा दूध और दही चढ़ाएं। कर्पूर जलाकर आरती करें। दूध-दही का दान करें।

**वृषभ राशि** - इन लोगों को शिवलिंग का गन्ने के रस से अभिषेक करना चाहिए। पूजा में इत्र चढ़ाएं। गन्ने के रस का दान भी करें।

**मिथुन राशि** - इन लोगों को महाशिवरात्रि पर स्फटिक के शिवलिंग की पूजा करनी चाहिए। गुलाल,



कुमकुम, चंदन, इत्र भी अर्पित करें।

**कर्क राशि** - कर्क राशि के लोग शिवलिंग पर जल चढ़ाएं और फिर शिवलिंग पर चंदन का लेप करें। फूलों से श्रृंगार करें। मिठाई का भोग लगाएं। मंदिर में चंदन का दान भी करें।

**सिंह राशि** - महाशिवरात्रि पर अलग-अलग फलों के रस से शिवलिंग का अभिषेक करें। आंकड़े के फूल चढ़ाएं और मीठा भोग लगाएं। जरूरतमंद रोगियों को फलों का रस दान करें।

**कन्या राशि** - जिन लोगों की राशि कन्या है, वे लोग जल में कर्पूर मिलाकर भगवान का अभिषेक करें। धतूरा, आंकड़े के फूल से श्रृंगार करें। बिल्व पत्र पर मिठाई रखकर का भोग लगाएं।

**तुला राशि** - ये लोग पानी में गंगाजल और गुलाब जल मिलाकर अभिषेक करें। पूजा के बाद गुलाब का इत्र दान करें।

**वृश्चिक राशि** - वृश्चिक राशि के लोग पानी में शहद और घी मिलाएं और फिर शिवलिंग को स्नान कराएं। इसके बाद पवित्र जल से अभिषेक करें। पूजा के बाद शहद का दान भी करें।

**धनु राशि** - शिव जी की विशेष पूजा करें। पूजा में मिठाई के साथ ही काजू-बादाम का भोग भी लगाएं। बिल्व पत्र चढ़ाएं। चावल की खीर का दान करें।

**मकर राशि** - मकर राशि के लोग शिवलिंग की विधिवत पूजा करें। पूजा में अपने सामर्थ्य के अनुसार गेहूं रखें। पूजा के बाद गेंहू दान करें।

**कुंभ राशि** - जिन लोगों की राशि कुंभ है, उन लोगों को पूजा में शिवलिंग पर काले तिल चढाना चाहिए। इसके बाद विधिवत पूजा करें। जरूरतमंद लोगों को तिल का दान भी करें।

**मीन राशि** - इस राशि के लोग पीपल के नीचे बैठकर शिव पूजा करें। ऊँ नम: शिवाय मंत्र का जप करें। पूजा में बेसन के लड्डू का भोग लगाएं। पूजा के बाद चने की दाल दान करें।

### 25 तक इन राशियों पर बरसेगी चंद्र देव की कृपा, बन जाएंगे सारे बिगड़े काम

ज्योतिषीय गणना के अनुसार मन के कारक चंद्र देव 25 फरवरी के दिन राशि परिवर्तन करेंगे। इस दिन चंद्र देव धनु राशि से निकलकर मकर राशि में गोचर करेंगे। मकर राशि के स्वामी न्याय के देवता और कर्मफल दाता शनिदेव हैं और आराध्य भगवान शिव हैं। भगवान शिव की पूजा करने से साधक ही हर एक मनोकामना पूरी होती है। वैदिक पंचांग के अनुसार, 24 फरवरी को विजया एकादशी है। यह पर्व जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है। इस शुभ अवसर पर लक्ष्मी नारायण जी की पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त एकादशी का व्रत रखा जाता है। विजया एकादशी का व्रत रखने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही साधक पर भगवान विष्णु की कृपा बरसती है। ज्योतिषियों की मानें तो विजया एकादशी से दो दिन पहले मन के कारक चंद्र देव ने राशि परिवर्तन किया है। चंद्र देव के राशि परिवर्तन करने से कई राशि के जातकों को फायदा मिलेगा। इनमें दो राशि के जातकों को सबसे अधिक लाभ होगा। आइए जानते हैं-





**वृश्चिक राशि**- चंद्र देव के राशि परिवर्तन से वृश्चिक राशि के जातकों को जीवन में विशेष बदलाव देखने को मिलेगा। कोई बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। इससे मन प्रसन्न रहेगा। मां का प्यार मिलेगा। घर पर मेहमान आ सकते हैं। किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। शादी के लिए रिश्ता आ सकता है। घर पर शुभ काम का आयोजन होगा। रुके काम में गति आएगी। दान-पुण्य करने का अवसर प्राप्त होगा। शुभ कामों में सफलता मिलेगी। भविष्य की प्लानिंग कर सकते हैं। चावल, आटा, चीनी, नमक और सफेद रंग के कपड़े का दान करें।

**कुंभ राशि**- कुंभ राशि के स्वामी कर्मफल दाता शनिदेव हैं। शनिदेव की कृपा कुंभ राशि के जातकों पर बरसती है। उनकी कृपा से कुंभ राशि के जातक कारोबार में बेहतर करते हैं। चंद्र देव की कृपा से मानसिक परेशानी या चिंता दूर होगी। धन लाभ के योग बन रहे हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। संपत्ति में वृद्धि होगी। भूमि या भवन कर सकते हैं। अपनों का प्यार मिलेगा। घर पर खुशियों का माहौल रहेगा। बड़े भाई का प्यार मिलेगा। कोई बड़ी मनोकामना पूरी हो सकती है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी-टी टेबल, टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# साइबर अपराधों पर पुलिस की सख्ती, लेकिन शहर में चोरों के हौसले बुलंद

## चोरी की घटनाओं में इजाफा, लेकिन पुलिस का पूरा ध्यान साइबर अपराधों पर – क्या है वजह ?

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** एक ओर जहां राजनांदगांव पुलिस साइबर अपराधों पर शिकंजा कसने में जुटी है, वहीं दूसरी ओर शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों का कहना है कि पारंपरिक अपराधों पर पुलिस का ध्यान नहीं है, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए कुछ विशेष अधिकारियों को तैनात किया गया है, और इसमें कुछ लोगों को व्यक्तिगत लाभ भी मिल रहा है। यही कारण है कि पुलिस का ध्यान मुख्य रूप से डिजिटल अपराधों पर केंद्रित है, जबकि चोरी, लूट और सेंधमारी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे।

### शहर में बढ़ रही चोरी की वारदातें, लेकिन पुलिस बेखबर

राजनांदगांव के कई इलाकों में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। खासतौर पर व्यस्त बाजारों, सुनसान इलाकों और रिहायशी क्षेत्रों में चोर सक्रिय हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले जहां पुलिस गश्त बढ़ाकर चोरियों पर नियंत्रण करती थी, अब वैसा कुछ नहीं हो रहा।

हाल ही में शहर के बसंतपुर, सोमनी, छुरिया जैसे इलाकों में चोरी की कई घटनाएं हुईं, लेकिन पुलिस अपराधियों तक पहुंचने में नाकाम रही। दुकानदारों का आरोप है कि वे रात में अपनी दुकानों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं, लेकिन पुलिस पेट्रोलिंग न के बराबर हो गई है।

### व्यापारियों और नागरिकों की शिकायतें अनसुनी

चोरी की बढ़ती घटनाओं से परेशान व्यापारियों और आम नागरिकों ने पुलिस से ठोस कदम उठाने की मांग की है। कई व्यापारियों ने पुलिस अधिकारियों से



मुलाकात कर अपनी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### क्या कहती है पुलिस?

इस मुद्दे पर जब पुलिस अधिकारियों से बात की गई, तो उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और उन्हें रोकना जरूरी है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, च्हम साइबर अपराधों को रोकने के लिए विशेष टीम के साथ काम कर रहे हैं। रहीबात चोरी की घटनाओं की, तो उन पर भी कार्रवाई की जा रही है। हालांकि, जब चोरी के मामलों में बढ़ोतरी को लेकर सवाल किया गया, तो अधिकारियों ने कोई ठोस जवाब नहीं दिया। सूत्रों का दावा ङ्क साइबर अपराधों पर विशेष ध्यान देने का कारण कुछ अधिकारियों का व्यक्तिगत फायदा? सूत्रों के अनुसार, साइबर अपराधों की जांच में कुछ विशेष अधिकारियों को लगाया गया है और इससे कुछ लोगों को व्यक्तिगत लाभ भी हो रहा है। यही कारण है कि पुलिस की प्राथमिकता साइबर क्राइम बन गई है, जबकि पारंपरिक अपराधों को नजरअंदाज किया जा रहा है। एक वरिष्ठ सूत्र ने बताया, च्साइबर अपराधों की जांच में कई तरह के फायदे होते हैं, जिनमें तकनीकी कंपनियों से सहयोग, विशेषफंडिंग और अन्य लाभ शामिल हो सकते हैं। हो सकता है कि इसी कारण पुलिस चोरी और अन्य अपराधों की तुलना में साइबर अपराधोंको अधिक महत्व दे रही हो।ज्

### नागरिकों की मांग - हर अपराध पर हो समान कार्रवाई

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि साइबर अपराधों पर लगाम लगाना जरूरी है, लेकिन इसके लिए पारंपरिक अपराधों को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। आम जनता का विश्वास तभी कायम रहेगा, जब पुलिस हर अपराध पर समान रूप से कार्रवाई करेगी। शहरवासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि वे चोरी की घटनाओं पर भी उतना ही ध्यान दें जितना साइबर अपराधों पर दे रहे हैं। अगर जल्द ही पुलिस ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो नागरिकों में आक्रोश बढ़ सकता है।

# श्रीमद् भागवत कथा श्री कृष्ण का साहित्यिक अवतार है : पंडित अर्पित भाई शर्मा

## मित्रता कृष्ण सुदामा सी होनी चाहिए, चारों वर्णों में भेद तत्कालीन सरकारों ने किया, ब्राह्मण सदैव पूजनीय थे , है , रहेंगे



**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री दुर्गा मंदिर समिति किलापारा द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के सप्तम दिवस की कथा की व्यास पीठ पर विराजित सुप्रसिद्ध भागवत आचार्य रमेश भाई ओझा के विशेष कृपा पात्र अंचल के नवोदित भागवताचार्य पंडित अर्पित भाई शर्मा ने दिग्विजय कॉलेज के सामने खचाखच भरे पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भक्त माता बहनों एवं बंधुओ से कहा कि मित्रता हो तो कृष्ण सुदामा की तरह हो , सुदामा अत्यंत गरीब होते हुए भी भगवान कृष्ण के पास धन की लालसा से कभी नहीं गए , उन्होंने अपनी पत्नी सुशीला से कभी कृष्ण के मित्रता का जिक्र भी नहीं किया । सुदामा के पास सांसारिक धन नहीं था पर वे ब्रह्म ज्ञानी थे और उनके पास ब्रह्म धन था वह इंद्रियों से विरक्त व वाणी से जितेंदीय थे । सुदामा चरित्र की कथा की मीमांसा करते हुए पंडित अर्पित भाई ने कहा कि भगवान कृष्ण ने दिव्य दृष्टि से सुदामा की दरिद्रता को देखकर ब्राह्मण का रूप धारण कर सुदामा के घर जाकर उनकी पत्नी सुशीला से भिक्षा मांगी । सुशील ने कहा कि मैने निर्धनता को जन्म दिया है अत: मेरे घर में अभी सावड है , अर्थात अशुद्धि है । मैं आपको भिक्षा नहीं दे सकती । तब भगवान कृष्ण ने सुशीला को उनके पति सुदामा के साथ द्वारकाधीश कृष्ण के साथ मित्रता की बात बताई । वर्तमान समय में किसी छोटी पोस्ट के व्यक्ति के साथ मित्रता को भी व्यक्ति भुनाने से नहीं चूकता ।

कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए पंडित अर्पित भाई ने कहा कि चार वर्ण ब्राह्मण , क्षत्रिय , वैश्य व शूद्र में पौराणिक काल से ही कभी भेद नहीं रहा किंतु तत्कालीन सरकारों की शिक्षा प्रणाली के पाठ्यक्रम में ऐसे भेद बताकर आपस में भ्रम फैलाने का कार्य किया। अब वर्तमान सरकार इस दिशा में पाठ्यक्रमों में बदलाव लाकर इसे ठीक करने प्रयासरत है । जो प्रशंसनीय है। भंडारे की व्यवस्था इसीलिए की गई थी कि भंडारे में बिना किसी भेदभाव , बिना किसी ऊंच – नीच एवं बिना किसी जाति – संप्रदाय के सभी एक साथ प्रसाद ग्रहण करते हैं । श्री अर्पित भाई ने आगे कहा कि ब्राह्मण सदैव पूजनीय है , उनका अपराध कभी नहीं करना चाहिए , ब्राह्मण को भूदेव कहा गया है । बनते कोशिश हमेशा ब्राह्मण का सम्मान करें जिससे उनके आशीर्वाद से जीवन में अनेक प्रकार की सफलताएं प्राप्त होती है तथा उनके आशीर्वाद से जीवन में आने वाले अनेक प्रकार के कष्ट व बाधाएं दूर हो जाती हैं । पंडित अर्पित भाई ने श्रीमद् भागवत कथा के संदर्भ में



कहा कि भगवान कृष्ण ने महाभारत की रचना के लिए युद्ध का बीजारोपण करने ही दुर्योधन के थल समझकर जल में गिरने पर द्रौपदी को हंसने की मानसिक प्रेरणा दी थी । उन्होंने भगवान कृष्ण के 16108 रानियां के विवाह प्रसंग की सुंदर व्याख्या करते हुए अष्ट विवाह का विशेष वर्णन किया तथा नरकासुर द्वारा 16000 रानियां को बंदी बनाकर रखने के प्रसंग को सविस्तार बताया । पंडित अर्पित भाई शर्मा ने श्रीमद् भागवत कथा के संदर्भ में कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के सुनने से कलयुग के समस्त दोष नष्ट हो जाते हैं , इसके श्रवण से आध्यात्मिक विकास और भगवान के प्रति गहरी आस्था बढ़ती है । इसका श्रवण शांति और मोक्ष प्राप्ति का मार्ग है । श्रीमद्भागवत कथा भगवान कृष्ण का साहित्यिक अवतार है । इससे श्रोता का भक्ति और आध्यात्मिक विकास होता है साथ में मन की शुद्धि होती है और जन्म-जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं । श्रीमद् भागवत महापुराण में अनेक बार श्री कृष्ण के ईश्वरीय वर्णन और अलौकिक रूप का वर्णन करते हुए 24 अवतारों की कथा कही गई है ।

श्री दुर्गा मंदिर समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कल 24 फरवरी को दोपहर हवन , पूर्णाहुति तथा श्री भागवत भगवान की शोभायात्रा निकाली जाएगी ।

# झारखंड की महिला क्रिकेट टीम शहर में

## झारखंड से खेलने आयीं है इंडियन प्लेयर आनंदिता किशोर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा संचालित झारखंड एवं छत्तीसगढ़ राज्य की महिला टीमों (अंडर 23) के मध्य तीन एक दिवसीय मैच स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में खेले जा रहे हैं । जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा आयोजित आज खेले गए पहले एकदिवसीय मैच में झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन की टीम ने छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की टीम को आसानी से छह विकेट से परास्त कर श्रृंखला में 1- 0 की बढ़त बना ली है । झारखंड राज्य की तरफसे खेलते हुए वर्ल्ड कप में अंडर -19 भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी आनंदिता किशोर ने आज चार विकेट प्राप्त किये । ज्ञातव्य है कि विगत दिनों संपन्न रानी सुर्यमुखी देवी मेमोरियल ऑल इंडिया फ्लड लाइट क्रिकेट चैंपियनशिप में खेलने आई झारखंड की रणजी टीम ने यहां के आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की थी उसके बाद ही झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन ने अपनी महिला क्रिकेट टीम को यहां खेलने हेतु हरी झंडी दी है । टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लेकर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की टीम ने अपने सभी



विकेट खोकर 149 रन बनाएं । छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की तरफसे यति शर्मा ने सर्वाधिक 48 रन बनाए वहीं शहर की कुमुद साहू ने टिक कर खेलते हुए 40 रनों का योगदान दिया। ऐश्वर्या सिंह ने 17 रन बनाए । लक्ष्य का पीछा करने उतरी झारखंड स्टेट क्रिकेट संघ की टीम ने निर्धारित रन चार विकेट खोकर 38.5 ओवरों में ही बना लिए । झारखंड की तरफसे प्रियंका लूथरा एवं कुमारी पलक ने क्रमश: 85 एवं 21 रन बनाएं ।

छत्तीसगढ़ की टीम से शिवानी यादव ने दो विकेट लिए। श्रृंखला के अगले दो मैच सोमवार एवं बुधवार को खेले जाएंगे । दोनों ही टीम में इस प्रकार है ।

# स्वदेशी मेला में हिमानी वासनिक ने दी भरथरी गायन की यादगार प्रस्तुति

**राजनांदगांव। राजनांदगांव में** चल रहे स्वदेशी मेला के सातवें दिन राजा भरथरी की लोकगाथा पर आधारित यादगार प्रस्तुति उभरते हुए भरथरी गायिका हिमानी वासनिक द्वारा दी गयी। जिसमें हिमानी द्वारा राजा भरथरी के जन्म प्रसंग को बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत किया गया।

हिमानी भरथरी की शिक्षा भरथरी की अंतरराष्ट्रीय कलाकार रेखा जलक्षत्रिय से ले रही है और प्रदेश की लुप्त होती सांस्कृतिक विधा को बचाए रखने लगातार गा रही हैं।बहुमुखी प्रतिभा की धनी हिमानी वासनिक ने इस अवसर पर शानदार प्रस्तुति देते हुए विभिन्न तबकों के दर्शकों को बांधे रखी। वह कई प्रसंगों के माध्यम से हमें भरथरी गायन से अभिभूत किया है। बताते चले कि वह अपनी माता और पिता कविता विवेक वासनिक द्वारा संचालित च्अनुराग धाराज् कार्यक्रम में भी बेहतरीन छत्तीसगढ़ी लोक गायिका के रूप में विख्यात हैं। हिमानी की प्रस्तुति में हारमोनियम पर मोहित चंद्राकर, बैंजो पर हर्ष मेश्राम, तबला पर चंद्रकांत निर्मलकर, ढोलक पर हरीश पंड्या तथा रागी राकेश सिन्हा गायिका गीतिका डोंगरे का योगदान रहा।

**छत्तीसगढ़ में इसकी प्रस्तुति में माहरत किसे ?**

छत्तीसगढ़ में ढोला मारू, चंदैनी, आल्हा उदल, पंथी गायन के बाद भरथरी गायन शैली की अपनी अलग पहचान हैं। इस विधा में रेखा जलक्षत्रिय, सुरूज बाई खांडे, अमृता बारले, हेमलता पटेल, किरण शर्मा, प्रांजलसिंह राजपूत, तरूणा साहू जैसे ख्यातिनाम शख्सियतों का नाम प्रचलित हैं। छत्तीसगढ़ में भरथरी गायिका सुरूज बाई के नाम पर च्सुरूज सम्मानज् से विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे लोगों को सम्मानित किया जाता हैं।

**कौन थे भरथरी ?**

इतिहासकारों के अनुसार राजा भर्तहरि या भर्तृहरि संस्कृत के विद्वान कवि और नीतिकार थे। वे सम्राट विक्रमादित्य के बड़े भाई थे। कुछ लोग इन्हें चन्द्रगुप्त द्वितीय का बड़ा भाई मानते हैं। कहते हैं कि वे एक घटना के बाद गुरु गोरखनाथ के शिष्य बनकर योग साधना करके योगी बन गए थे। संन्यास धारण करके के बाद जनमानस में वे बाबा च्भरथरीज् के नाम से प्रसिद्ध हो गए थे।

भर्तहरि की शतकत्रय की उपदेशात्मक कहानियां भारतीय जनमानस में रचीबसी हुई हैं। इस नाम से



भरथरी पर प्रख्यात इतिहासकार डॉ. राजेन्द्र प्रसाद क्या कहते हैं?

तीन शतक हैं- नीतिशतक, श्रृंगारशतक, वैराग्यशतक। कहते हैं कि प्रत्येक शतक में सौ-सौ श्लोक हैं। ऐसा भी कहते हैं कि नाथपंथ के वैराग्य नामक उपपंथ के भी यही प्रवर्तक थे।

**इतिहासकार राजेन्द्र प्रसाद सिंह क्या कहते हैं ?**

इतिहासकार और भाषाविद् राजेन्द्र प्रसाद सिंह के अनुसार भरथरी का विकास भर थारू से ही हुआ है, वही भरथरी जो नाथ पंथी थे और गोरखनाथ के शिष्य थे, ये परवर्ती बौद्धों की परंपरा थी। राजा सुहेलदेव और सालार मसूद की प्रारंभिक जानकारी अमीर खुसरो की पुस्तक च्एजाज - ए - खुसरवीज् (14 वीं सदी) और अब्द - उर - रहमान की पुस्तक च्मिरात - ए - मसूदीज् (17 वीं सदी) से मिलती हैं। राजा सुहेलदेव की सबसे बड़ी उपलब्धि यह थी कि उन्होंने गजनवी कमांडर सालार मसूद को मौत के घाट उतार दिए थे तथा फौज को नेस्तनाबूद कर दिए थे। राजा सुहेलदेव के समुदाय के बारे में जो प्राचीन और प्रामाणिक जानकारी मिलती है, उसके अनुसार वे भर थारू थे, यह प्रमाण च्मिरात - ए - मसूदीज् से मिलता है। भर थारू मूल रूप से भरों की शाखा है और ये भर लोग पहले से ही बौद्ध थे, जैसा कि हम लोग भरहुत में च्भरज् का योग देखते हैं। थारू भी स्थविर का संक्षिप्त रूप है, जो बौद्धों से जुड़ा हैं। राजा सुहेलदेव 11वीं सदी में श्रावस्ती के राजा थे, तब श्रावस्ती बौद्ध केंद्र था। 12वीं सदी में श्रावस्ती बौद्ध भिक्खुओं से भरा था, इसका प्रमाण गहड़वाल नरेश गोविंदचद्र के श्रावस्ती ताम्रपत्र से मिलता हैं। संवत 1186 में श्रावस्ती स्थित जेतवन के भिक्खु संघ को राजा गोविंदचद्र ने 6 गांवों की आय दान में दिए थे। श्रावस्ती 12वीं सदी में भी बौद्ध भिक्खुओं से गुलजार था और राजा सुहेलदेव (भर थारू) इसी श्रावस्ती के 11वीं सदी में राजा थे। जुबानी स्मृतियों में- (बृजभार) और भरथरी (भर थरी) दोनों जुबानी स्मृतियों के नायक हैं। दोनों गोरखनाथ के शिष्य हैं। दोनों नाथपंथी योगी बनते हैं। दोनों भर समुदाय के हैं। (बृजभार में घूंघट काढ़े च्भरज् छिपा है, जैसे लखनऊ में च्ऊरज् छिपा है।) इस गरिमामयी कायक्रम में पूर्व सांसद अशोक शर्मा, कोमल सिंह राजपूत (बीजेपी जिला अध्यक्ष), शुभरत चाकी (स्वदेशी मेला प्रबंधक), अशोक चौधरी, विनोद डड्ढा एवं शहर के अन्य वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com